**आम सूचना**

मैं हटटो देवी पत्नी सीताराम मीना आयु 68 साल जाति मीना नि. धूलवास, तह. सपोटरा जि. करौली (राज.)। यह कि मेरे पति के नाम एक मोटर साईकिल जिसका मॉडल 2011 है। उक्त मोटर साईकिल का रजिस्ट्रेशन नं. RJ34SD2685 व इंजन नं. HA10EGB9D06403 एवं चेचित नं. MBLHA10ABB9D06054 है उक्त मोटर साईकिल के मेरे पति एक रजिस्टर्ड मालिक है। मेरे पति सीताराम मीना पुत्र तुलसीराम मीना का स्वर्गवास हो चुका है। अब उक्त मोटरसाईकिल को शपथग्रहिता अपने नाम ट्रांसफर करवना चाहती हूँ। किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो वो अपनी आपत्ति जिला परिवहन कार्यालय में 7 दिवस में दर्ज करावें।

प्रपत्र संख्या 7 (देखिये नियम 21)

**कार्यालय सहायक आयुक्त देवस्थान विभाग, भरतपुर खण्ड-भरतपुर**

राजस्थान सार्वजनिक अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस

समस्त संबंधित व्यक्तियों को

(नाम, वर्णन तथा निवास स्थान)

मुकदमा नं. DEV/BHARATPUR/TRUST/2026/94

चूंकि श्री बिजेन्द्र कुमार शर्मा पुत्र श्री सुरेश चंद शर्मा निवासी-अमृतपुरी कॉलोनी, हिण्डौन सिटी, जिला करौली (राज.) ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अंतर्गत महाराणा प्रताप मानव विकास समिति, 501, 5TH Floor, गर्वित गलेक्सी होटल, हिण्डौन सिटी जिला करौली (राज.) प्रन्यास के संबंध में जांच दिये जाने के लिए आवेदन-पत्र दिया है। अतएव धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वो समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिये, यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से 60 दिवस के भीतर उक्त प्रन्यास के संबंध में आपत्तियां, यदि कोई हो तो प्रस्तुत करें। और यह सूचित किया जाता है कि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां प्रस्तुत नहीं की गई तो उक्त आवेदन पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच प्रपत्र मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जायेगा।

नोटिस:- आज दिनांक 18-03-2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालय की मौहर के अधीन जारी किया गया। प्रकरण में आगामी सुनवाई की दिनांक 27.05.2026 है।

**मुकेश कुमार मीना**
**सहायक आयुक्त,**
**देवस्थान विभाग, भरतपुर**

## कार पलटी

**गंगापुर सिटी**, (निसं)। गंगापुर सिटी-जयपुर हाईवे पर बुधवार को एक कार बेकाबू होकर पलट गई। इस हादसे में कार में सवार बच्चे सहित 7-8 लोगों को मामूली चोटें आईं, हालांकि कोई जनहानि नहीं हुई और एक बड़ा हादसा टल गया। स्थानीय लोगों की मदद से कार में सवार सभी लोगों को बाहर निकाला गया। यह घटना गंगापुर सिटी से मंडावरी की ओर जा रही कार के सीतोड़ समाधि के पास दुर्घटनाग्रस्त होने से हुई। कार में सवार सभी लोग मंडावरी निवासी बताए जा रहे हैं। जानकारी के अनुसार, गंगापुर सिटी-जयपुर रोड पर सीतोड़ के पास अचानक ड्राइवर ने कार से नियंत्रण खो दिया, जिससे गाड़ी बेकाबू होकर पलट गई। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और लोगों की भीड़ जमा हो गई। सड़क से गुजरते वाहन भी रुक गए। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से कार में सवार सभी लोगों को बाहर निकाला गया।

# 'पुलिस आमजन की सेवा, सुरक्षा और न्याय के लिए प्रतिबद्ध'

■ **क्षेत्रवासियों ने मुख्य बाजार में बढ़ रही जाम की समस्या को प्रमुखता से उठाया**

**गंगापुर सिटी**, (निसं)। पुलिस प्रशासन ने बुधवार को थाना स्तर पर जनसुनवाई की। इसका उद्देश्य आमजन की समस्याओं का शीघ्र समाधान और पुलिस-जनता के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना था। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राकेश राजोरा और वृत्ताधिकारी गिर्राज प्रसाद मीणा के सुपरविजन में सभी थानों पर थानाधिकारी मौजूद रहे। थाना स्टाफ के अधिकारी-कर्मचारी भी उपस्थित थे।

बीट प्रभारी सहायक उप निरीक्षक चंदन सिंह ने अग्रवाल धर्मशाला में कोलीपाड़ा, संजय कॉलोनी, गांधी कॉलोनी, चूली गेट सहित विभिन्न क्षेत्रों की जनसुनवाई की। जनसुनवाई में नागरिकों का स्वागत कर प्रक्रिया की जानकारी दी गई। शिकायतों के पंजीकरण के लिए सुव्यवस्थित व्यवस्था थी, जिसमें प्रत्येक प्रार्थना पत्र को दर्ज कर संबंधित अधिकारियों को भेजा गया। निवर्तमान सभापति शिवरतन अग्रवाल, वार्ड पार्षदों और विभिन्न क्षेत्रों के नागरिकों ने इसमें भाग लिया। इस दौरान पारिवारिक विवाद, आपसी रंजिश, मारपीट, रास्ता अवरोध, साइबर धोखाधड़ी, गुमशुदगी, चोरी, नशाखोरी और महिला उत्पीड़न जैसी शिकायतें सामने आईं। बीट प्रभारी ने सभी प्रकरणों को गंभीरता से सुना और कई मामलों का मौके पर ही समाधान किया। पारिवारिक व आपसी विवादों को समझाइश और मध्यस्थता से सुलझाने का प्रयास किया गया, ताकि अदालती प्रक्रिया की आवश्यकता कम हो सके।

वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांगजनों की शिकायतों को प्राथमिकता दी गई। कार्यक्रम के दौरान आमजन को साइबर अपराध से बचाव, सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग, नशा मुक्ति, महिला व बाल सुरक्षा, घरेलू हिंसा से संरक्षण और यातायात नियमों की जानकारी भी दी गई। बीट प्रभारी ने कहा कि पुलिस आमजन की सेवा, सुरक्षा और न्याय के लिए प्रतिबद्ध है। सभी कार्यवाहियों का अभिलेखीकरण किया गया और शिकायतकर्ताओं को उनकी स्थिति से अवगत कराया गया। भविष्य में भी ऐसे आयोजन जारी रखने की बात कही गई। इसी तरह पुलिस-जन संवाद को मजबूत करने के उद्देश्य से चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत बुधवार को वजीरपुर मुख्य बाजार स्थित बस स्टैंड और पंचायत भवन के पास बीट स्तर पर जनसुनवाई बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता बीट प्रभारी तेजवीर सिंह ने की। बैठक में क्षेत्रवासियों ने मुख्य बाजार में लगातार बढ़ रही जाम की समस्या को प्रमुखता से उठाया। इसके साथ ही नशे के बढ़ते प्रचलन पर चिंता जताते हुए स्मैक तस्करों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की गई।

# दिनेश अध्यक्ष व डॉ. राहुल गुप्ता सचिव निर्विरोध निर्वाचित

■ **मानव सेवा संस्थान के वार्षिक चुनाव संपन्न**

**गंगापुर सिटी**, (निसं)। मानव सेवा संस्थान की साधारण सभा की बैठक नरूका प्राइड में संस्थान अध्यक्ष प्रमोद मोदी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। सर्वप्रथम सचिव विनोद आपणो मार्ट ने वार्षिक प्रतिवेदन पढ़ा व कोषाध्यक्ष विमल पारले ने आय व्यय का ब्यौरा पेश किया।

मानव सेवा संस्थान के वर्ष 2026-27 के लिए वार्षिक चुनाव, चुनाव अधिकारी ओम प्रकाश धर्मकांटा ने संपन्न करवाये। संस्थान के संरक्षक विजय गोयल ने बताया कि सर्वसम्मति से निर्विरोध चुनाव करवा कर अध्यक्ष दिनेश करणपुर, सचिव डॉ. राहुल गुप्ता, कोषाध्यक्ष विनोद आपणो मार्ट, उपाध्यक्ष रामचरण कटारिया, सहसचिव मोहित जैन, श्री लाड़ली लाल जू गौशाला व्यवस्थापक आलोक मालधनी को निर्वाचित किया। इस मौके पर मानव सेवा संस्थान के अध्यक्ष प्रमोद मोदी ने शहर में संस्थान द्वारा अपने कार्यकाल में किए गए कार्यों का विवरण संस्थान के सदस्यों के समक्ष रखा। इस अवसर निवर्तमान सभापति शिवरतन अग्रवाल का मानव सेवा संस्थान का विशेष सहयोग करने पर संस्थान ने आभार प्रकट किया एवं माला साफा पहनाकर स्वागत किया। निवर्तमान सभापति शिवरतन अग्रवाल ने कहा कि गंगापुर सिटी में सेवा के पर्याय के रूप में मानव सेवा संस्थान की पहचान है। पूर्व अध्यक्ष सुशील दीक्षित व दीपक नरूका ने कहा कि संस्थान के आरंभ काल से ही सदा भामाशाह व दानदाताओं का सहयोग व आशीर्वाद संस्थान के ऊपर बना रहा है एवं भविष्य में भी बना रहेगा ऐसा हमारा विश्वास है। चुनाव अधिकारी ओमप्रकाश धर्मकांटा ने कहा की मानव सेवा संस्थान निःस्वार्थ भाव से सेवा कर रही है। मानव सेवा संस्थान के सदस्यों ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का माला एवं साफा पहनाकर स्वागत किया। 'गंगापुर सिटी निवासी नैन्सी अग्रवाल डॉ.बी.आर.आंबेडकर स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स, बैंगलोर से अर्थशास्त्र में स्नातकोत्तर व वर्तमान में शिक्षा एवं सामाजिक क्षेत्र में, विशेष रूप से महिलाओं और बच्चों के लिए कार्य कर रही है ने मानव सेवा संस्थान की साधारण सभा की मीटिंग में अपना प्रेजेंटेशन रखते हुए कहा कि धौलपुर जिले में आई.ए.एस अधिकारी अवहद निवृत्ति सोमनाथ (जिला परिषद सीईओ) द्वारा "डिजिटल संविधान घर-लाइब्रेरी" की पहल की गई है, जहाँ इस मॉडल पर अच्छा कार्य किया जा रहा है।

यह पहल बच्चों और युवाओं को शिक्षा जागरूकता और संविधान की समझ से जोड़ने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है। इसी मॉडल से प्रेरित होकर गंगापुर सिटी में भी इस पहल को प्रारंभ करने के लिए चर्चा की गई एवं इसकी संभावनाओं और आगे की प्रक्रिया पर विचार किया गया।

# अंडरपास मार्ग यथावत रखने की मांग

■ **भाजपा जिलाध्यक्ष गुर्जर ने डीआरएम को पत्र भेजकर की अपील**

**गंगापुर सिटी**, (निसं)। रेलवे स्टेशन क्षेत्र में निर्माणाधीन अंडरपास मार्ग को यथावत चालू रखने की मांग करते हुए पूर्व विधायक एवं भाजपा जिलाध्यक्ष मानसिंह गुर्जर ने इस संबंध में रेलवे अधिकारियों और मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम) को पत्र भेजा है।

उन्होंने जनहित को प्राथमिकता देते हुए आमजन की सुविधा सुनिश्चित करने पर जोर दिया है। गुर्जर ने बताया कि अंडरपास का निर्माण कार्य प्रगति पर है, इसके बावजूद छारा, सवाई माधोपुर रोड और पंचमुखी हनुमान मंदिर क्षेत्र से हजारों लोग इस मार्ग का लगातार उपयोग कर रहे हैं। यह मार्ग इन क्षेत्रों के लिए एक महत्वपूर्ण संपर्क मार्ग बन चुका है। इसी क्रम में, उनके नेतृत्व में प्रशासन और रेलवे अधिकारियों ने संयुक्त रूप से स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण में यह स्पष्ट हुआ कि बड़ी संख्या में लोग इस मार्ग का उपयोग कर रहे हैं, जो इसकी उपयोगिता और आवश्यकता को दर्शाता है। पत्र में उल्लेख किया गया है कि यदि इस मार्ग को बंद किया जाता है, तो लोगों को लंबा चक्कर लगानपड़ेगा। इससे समय और ईंधन की खपत बढ़ेगी, साथ ही अन्य मार्गों पर यातायात का दबाव बढ़ने से दुर्घटनाओं की आशंका भी बढ़ जाएगी।

गुर्जर ने सुझाव दिया है कि मार्ग को बंद करने के बजाय इसे तकनीकी रूप से मजबूत किया जाए। इसके साथ ही, प्रकाश व्यवस्था, जल निकासी और सुरक्षा प्रबंधों को बेहतर बनाया जाए। उन्होंने कहा कि अंडरपास के चालू रहने से क्षेत्र में यातायात सुगम रहेगा और आर्थिक व सामाजिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने रेलवे प्रशासन से जनभावनाओं का सम्मान करते हुए इस विषय पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय लेने की मांग की है।

# समीक्षा बैठक आयोजित

**भरतपुर**, (निसं)। नगर निगम की वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 की बजट घोषणाओं, स्वच्छता सर्वेक्षण, शहर में चल रहे विकास कार्यों तथा केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं की प्रगति को लेकर संभागीय आयुक्त नलिनी कठोतिया की अध्यक्षता में डीसी सभागार में समीक्षा बैठक आयोजित हुई।

संभागीय आयुक्त ने शहर में साफ-सफाई व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए निर्देश दिए कि नगर निगम में वार्डवार नोडल अधिकारी नियुक्त किए जाएं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक नोडल अधिकारी प्रतिदिन सुबह 8 से 10 बजे तक अपने-अपने क्षेत्र में फील्ड निरीक्षण करें तथा साफ-सफाई की स्थिति की फोटो रिपोर्ट नियमित रूप से भेजना सुनिश्चित करें। उन्होंने कचरा उठाव की व्यवस्था को समयबद्ध बनाए रखने पर जोर देते हुए लापरवाही बरतने वाले संवेदकों पर पेनल्टी लगाने की बात कही।

# राजस्थान ग्रामीण बैंक में चोरी का प्रयास

**करौली**, (निसं)। जिला मुख्यालय पर पुरानी अनाज मंडी के पास एक सुनसान जगह पर स्थित राजस्थान ग्रामीण बैंक के मुख्य गेट का ताला तोड़कर बैंक के अंदर प्रवेश कर जमकर हेरा ढडोरी की लेकिन चोरों को कुछ हाथ नहीं लगा इसी बैंक में वर्ष 2022 में भी चोरों का चोरी की घटना को अंजाम दिया था लेकिन उसे समय भी चोरों को बैंक से कुछ हाथ नहीं लगा

प्राप्त जानकारी के अनुसार शहर की पुरानी अनाज मंडी के पास स्थित राजस्थान ग्रामीण बैंक मंगलवार बुधवार की रात को चोरों ने बैंक के मुख्य दरवाजे के ताले तोड़कर अंदर चैनल गेट के ताले तोड़कर चोरों ने बैंक में अंदर प्रवेश कर स्ट्रांग रूम लॉकर्स आदि के ताले तोड़ने का भी चोरों ने प्रयास किया लेकिन चोरों पर स्ट्रांग रूम लॉकर्स तिजोरी आदि का ताला नहीं टूटा जिससे चोरों को बैंक से कुछ हाथ नहीं लगा वैसे कर इतने चालाक थे की बैंक के मुख्य गेट की शटर के तालों को तोड़कर बैंक में अंदर प्रवेश करके और वापस जाते समय शूटर को लगाकर अपने ताले लगा गए बैंक के ताले टूटने की सूचना बुधवार को प्रातः 10 बजे बैंक मैनेजर सहित स्टाफ बैंक पहुंचा तब वहां शूटर पर दूसरे ताले लगे देखकर बैंक कर्मचारी हक्का-बक्का रह गए जिसकी सूचना पुलिस को दी पुलिस सूचना पाकर पुलिस उपाधीक्षक के अनुज शुभम कोतवाली प्रभारी आध्यात्म गौतम पुलिस जाप्ता के साथ बैंक पहुंचे और एफएसएल टीम बीमा के पर पहुंची जिन्होंने इन्वेस्टिगेशन शुरू किया उसके बाद शटर पर चोरों द्वारा लगाए गए तालों को तोड़कर बैंक में अंदर प्रवेश कर शाखा प्रबंधक अशोक गर्ग के साथ बैंक की तिजोरी स्ट्रांग रूम लॉकर्स आदि के तालों को चेक किया गया तो लाकर स्ट्रांग रूम तिजोरी आदि के सही हालत में पाए गए तब जाकर बैंक कर्मचारियों ने राहत की सांस ली वैसे तो चोर इतने शातिर थे कि की बैंक के ताले तोड़ने से बैंक के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरा को तोड़कर ले गए और जाते समय शटर को लगाकर खुद के ताले लगा गए

देखने लायक यह है कि राजस्थान ग्रामीण बैंक में चोरी के प्रयास की कोई पहली घटना नहीं है इससे पूर्व भी वर्ष 2022 में भी चोरों ने इसी बैंक के ताले तोड़कर अंदर प्रवेश कर चोरी के काफी प्रयास किया लेकिन उसे समय भी चोरों को कुछ हाथ नहीं लगा इस मामले में शाखा प्रबंधक अशोक गर्ग ने बताया कि चोरों ने चोरी के पूरे प्रयास किए हैं लेकिन गनीमत यह रही की किसी प्रकार का नुकसान नहीं हुआ पुलिस उपाधीक्षक अनुज शुभम ने कहा कि बैंक अधिकारियों की भी बड़ी लापरवाही सामने आई है की बैंक में गार्ड तक नहीं लगा रखा जबकि पूर्व में भी चोरी की घटना हो चुकी है उन्होंने कहा कि यह बात सही है कि चोरों ने चोरी के प्रयास किए हैं जिसकी गंभीरता से जांच की जाएगी और सीसीटीवी फुटेज आदि से उनकी पहचान करेंगे शीघ्र ही उनकी गिरफ्तारी का प्रयास करेंगे

इधर बैंक के ताला टूटने की खबर बाजार में हवा की तरह फैल गई बैंक खातेदारो और लॉकर्स खातेदार बड़ी संख्या में बैंक पहुंच गए क्योंकि बैंक लॉकर्स खातेदार यू न्चिंतित हुए की पूर्व में यहां की एसबीआई बैंक के ताले तोड़कर चोर लॉकर्स से सामान ले गए।

## कार्यालय नगर निगम, भरतपुर

क्रमांक/शहरी सेवा शिविर/न.नि.भ./2025-26/ 1261 दिनांक :-15.4.2026

**आपत्ति सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम भरतपुर शहरी क्षेत्र में निम्न आवेदकों द्वारा स्टेट ग्रान्ट एक्ट/नगरपालिका अधिनियम 2009 की धारा 69ए/स्टेटग्रान्ट/कच्ची बस्ती का पट्टा चाहने हेतु ऑनलाइन आवेदन कर पत्रावलियाँ प्राप्त हुई हैं। यदि इस सम्बन्ध में किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशित होने की तिथि से 7 दिवस के अन्दर मय साक्ष्य प्रस्तुत करें। बाद अवधि के किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा तथा बाद समस्त जाँच के आवेदक को स्टेट ग्रान्ट एक्ट/नगर पालिका अधिनियम 2009 की धारा 69ए के तहत्/कच्ची बस्ती के तहत पट्टा जारी किये जाने की अग्रिम कार्यवाही कर दी जावेगी।

| क्र.स. | ऑनलाईन पत्रावली सं0 | आवेदक का नाम | पति/पत्नि का नाम | वार्ड नं. | भूखण्ड जहां स्थित है | आवेदन का प्रकार |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 205820 | मनोज कुमार | स्वामीचन्द | 59 | नई मण्डी सालिगराम मंदिर | स्टेटग्रान्ट |
| 2 | 266325 | आशा देवी | बबलू | 36 | नमक कटरा भरतपुर | 69ए |
| 3 | 341224 | सरोज देवी | रामनाथ गुप्ता | 20 | कोडियान मौहल्ला भरतपुर | स्टेटग्रान्ट |
| 4 | 300207 | चन्दा देवी | केसर सिंह | 50 | पक्का बाग अछनेरा रोड भरतपुर | स्टेटग्रान्ट |
| 5 | 345521 | दिनेशचन्द | श्यामसुन्दर | 26 | नमक कटरा भरतपुर | स्टेटग्रान्ट |
| 6 | 345054 | सतीशचन्द | रमेशचन्द गर्ग | 34 | मथुरा गेट अन्दर भरतपुर | स्टेटग्रान्ट |
| 7 | 343082 | प्रेम सिंह | श्यामलाल | 53 | संजय नगर विकास नगर भरतपुर | |
| 8 | 332861 | गीता | बलवीर सिंह | 65 | गोकुल नगर कच्ची बस्ती भरतपुर | कच्ची बस्ती |
| 9 | 332906 | हरीशचन्द | केदारनाथ | 38 | नदिया मौहल्ला भरतपुर | 69ए |
| 10 | 333039 | वीरेन्द्र सिंह | जीवन सिंह | 59 | नगला डिग्म्बर रनजीत नगर | स्टेटग्रान्ट |
| 11 | 333340 | हम्बीर | रमेशचन्द | 65 | गोकुल नगर कच्ची बस्ती भरतपुर | कच्ची बस्ती |
| 12 | 333354 | द्रोपती | छगन | 65 | गोकुल नगर कच्ची बस्ती भरतपुर | कच्ची बस्ती |
| 13 | 333386 | गंगाराम | गोपीचन्द | 65 | गोकुल नगर कच्ची बस्ती भरतपुर | कच्ची बस्ती |
| 14 | 333570 | जयपाल | जगदीश | 65 | गोकुल नगर कच्ची बस्ती भरतपुर | कच्ची बस्ती |
| 15 | 333574 | जगदीश शर्मा | शिवचरन | 65 | गोकुल नगर कच्ची बस्ती भरतपुर | कच्ची बस्ती |
| 16 | 333923 | रवि सिंह | जनरैल सिंह | 25 | नमक कटरा कमला रोड भरतपुर | 69ए |
| 17 | 333965 | गुरूमीत सिंह | जनरैल सिंह | 25 | नमक कटरा कमला रोड भरतपुर | 69ए |
| 18 | 334032 | किशन गुप्ता | फूलचन्द गुप्ता | 40 | मोरीचार बाग भरतपुर | 69ए |
| 19 | 334641 | राम सिंह | गोपाल | 65 | गोकुल नगर कच्ची बस्ती भरतपुर | कच्ची बस्ती |
| 20 | 334652 | राजेश | राजू | 65 | गोकुल नगर कच्ची बस्ती भरतपुर | कच्ची बस्ती |
| 21 | 334662 | रेश्म | महताब | 65 | गोकुल नगर कच्ची बस्ती भरतपुर | कच्ची बस्ती |
| 22 | 334979 | रामू वालिया | श्यामलाल | 45 | पुरानी कचहरी के पीछे वाल्मीकि | कच्ची बस्ती |
| 23 | 334989 | बलवीर | रामबाबू शर्मा | 36 | छिपी मौहल्ला बासन गेट भरतपुर | 69ए |
| 24 | 335260 | वासुदेव सिंह | सम्पत सिंह | 22 | अटलबंध गेट धाउपायसा भरतपुर | 69ए |
| 25 | 335505 | सुरेन्द्र पाल सिंह | हुकमचन्द | 33 | कच्ची बस्ती रसाला मौहल्ला | कच्ची बस्ती |
| 26 | 335731 | उषा | बृज मोहन | 42 | रैगर मौहल्ला बी.नारायण गेट | कच्ची बस्ती |
| 27 | 336083 | मनीष कुमार | रामबाबू त्यागी | 59 | डी-ब्लॉक नगला डिगम्बर रंजीत | 69ए |
| 28 | 336408 | हैप्पी | रामवीर | 49 | नगला चौंदमारी भरतपुर | स्टेटग्रान्ट |
| 29 | 336516 | गोविन्दशरण | हरप्रसाद | 32 | गुलालकुण्ड मथुरा गेट, भरतपुर | 69ए |
| 30 | 336533 | रामबाबू | श्यामलाल | 39 | सुभाष पार्क जमा मस्जिद भरतपुर | 69ए |
| 31 | 336765 | सुनील | रामबाबू | 39 | सेढ का मढ गंगा मंदिर के पास | 69ए |
| 32 | 336838 | शशि | राकेश | 36 | पुरानी कचहरी के पीछे हरिजन | कच्ची बस्ती |
| 33 | 336854 | अशोक कुमार | चंदूलाल | 36 | असीम कृपा गेस्ट हाउस के सामने | 69ए |
| 34 | 336997 | शरदा अग्रवाल | सुनील कुमार | 33 | मथुरा गेट भरतपुर | 69ए |
| 35 | 337153 | मोहन सिंह | करतार सिंह | 25 | नमक कटरा भरतपुर | कच्ची बस्ती |
| 36 | 337745 | वीरो | बलवीर सिंह | 46 | त्यौंगा जाट मौहल्ला भरतपुर | स्टेटग्रान्ट |
| 37 | 338213 | भूरी सिंह | राम सिंह | 41 | बुद्ध की हाट कसाई गली भरतपुर | 69ए |
| 38 | 338539 | सुषमा | नन्दकिशोर | 27 | सहयोग नगर भरतपुर | स्टेटग्रान्ट |
| 39 | 338563 | इकरार | इकरम | 37 | बडा मौहल्ला कमला रोड भरतपुर | 69ए |
| 40 | 338897 | चन्द्रशेखर | हरीशचन्द | 13 | स्टेशन रोड बजरिया भरतपुर | स्टेटग्रान्ट |

प्राधिकृत अधिकारी
नगर निगम, भरतपुर

